बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 357/2023

समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर–2022 की उत्तरपुस्तिकाओं के स्क्रूटनी (पुनर्गणना) कराने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय माध्यमिक परीक्षा, दिसम्बर–2022 में सम्मिलित परीक्षार्थियों का परीक्षाफल **दिनांक 26.09.2023** को प्रकाशित किया गया है। यदि कोई छात्र/छात्रा अपने किसी एक विषय या सभी विषय के प्राप्तांक से असंतुष्ट हों, तो अपने उस विषय/विषयों की उत्तरपुस्तिका के स्क्रूटनी (पुनर्गणना) कराने हेतु समिति की वेबसाईट **secondary.biharboardonline.com पर दिनांक 05.10.2023 से 11.10.2023 तक की अवधि में रू0 200/– (दो सौ रूपये मात्र) प्रति विषय की दर से निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।**

2. **ऑनलाईन मोड में आवेदन करने की प्रक्रिया :–**

(i) उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी के लिए ऑनलाईन आवेदन करने हेतु समिति की वेबसाईट **secondary.biharboardonline.com** पर "Apply for scrutiny (BBOSE Second Secondary Examination, December-2022)" लिंक पर क्लिक कर परीक्षार्थी अपना रौल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित कर रजिस्टर करेंगे। रजिस्टर करने के उपरांत परीक्षार्थी का एक पुनरीक्षण (SCRUTINY) आवेदन हेतु पेज प्रदर्शित होगा।

(ii) LOG-IN के उपरान्त APPLY FOR SCRUTINY BUTTON पर CLICK करेंगे। इसके बाद परीक्षार्थी का सभी विषयों के साथ एक पेज खुलेगा तथा सभी विषय के सामने APPLY BUTTON अंकित होगा।

(iii) जिस विषय/विषयों में परीक्षार्थी को उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी कराने के लिए ऑनलाईन आवेदन करना हो, वे उस विषय/विषयों के सामने अंकित APPLY BUTTON को CLICK करके APPLY करेंगे।

(iv) तत्पश्चात् Fee Payment के लिए पेज पर उपलब्ध Fee Payment button (Make Payment) को क्लिक करेंगे। निर्धारित स्क्रूटनी शुल्क की भुगतान हेतु राशि डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। परीक्षार्थी ऑनलाईन भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जायेगा।

3. **स्क्रूटनी (पुनर्गणना) निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित होगी :–** • आवरण पृष्ठ पर अंकित प्रश्नवार अंकों का पुनः योग। • अमूल्यांकित उत्तरों की जाँच (नियुक्त परीक्षक के द्वारा)। • उत्तरपुस्तिका में प्रश्नवार लब्धांकों के योग का अंक फलक पर प्रधान परीक्षक के द्वारा सही रूप में अंकित रहने की जाँच। • स्क्रूटनी के परिणामस्वरूप अंक बढ़ सकते हैं, घट सकते हैं या यथावत् रह सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)